सूचना : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्र.१ टिप्पणियाँ लिखिए। (२०)

१. तुलनात्मक एवं ऐतिहासिक प्रणाली

अथवा

भाषा और बोली में अंतर

२. वाका के प्रकार

अथवा

शब्द और अर्थ का संबंध

प्र.२ भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा परिवर्तन की दिशाएँ सोदाहरण समझाइए। (२०)

अथवा

रूप परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए।

प्र.३ भाषा का ज्ञान विज्ञान की अन्य शाखाओं के साथ संबंध विश्लेषित कीजिए। (२०)

अथवा

व्यंजन की परिभाषा देते हुए व्यंजनों का वर्गीकरण सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

प्र.४ किन्हिं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (२०)

१. भाषा और साहित्य का अंत: संबंध स्पष्ट कीजिए।

२. वाक्य परिवर्तन के कारण संक्षेप में लिखिए।

३. अर्थबोध के साधन पर प्रकाश डालिए।

प्र.५ अ. एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (१०)

१. भाषा अध्ययन की व्यतिरेकी प्रणाली क्या है?

२. अर्थसंकोच से क्या तात्पर्य है?

३. पद किसे कहते है।

४. ध्वनि की परिभाषा लिखिए।

५. अर्थपरिवर्तन का कोई एक कारण लिखिए।

६. मुखसुख के कारण क्या होता है?

७. मिश्रवाक्य का कोई एक उदाहरण लिखिए।

८. अघोष और सघोष ध्वनि में अंतर लिखिए।

९. दीर्घस्वर से क्या तात्पर्य है?

१० वर्णनात्मक तथा तुलनात्मक प्रणाली में कोई एक भेद लिखिए।

ब. सही विकल्प चुनिए। (०५)

१. 'अनाज' का 'नाज' इसके कारण होता है .....

क. आगम ख. लोप ग. संधि घ. समीकरण

२. 'फोनेटिक्स' शब्द का प्रयोग होता है। .....

क. रूप ख. ध्वनी ग. वाक्य घ. अर्थ

३. हिंदी में 'त' वर्ग का उच्चारण यहाँ से होता है। .....

क. कंठ्य ख. तालव्य ग. दंत्य घ. ओष्ठय्

४. वाक्य परिवर्तन का एक मुख्य कारण यह है। .....

क. संक्षेपीकरण ख. अनुकरण की अपूर्णता ग. नियमन घ. इनमें से कोई नहीं

५. 'छत से कूदकर आत्महत्या' इसका उदाहरण है। .....

क. क्रियायुक्त वाक्य ख. क्रियाहीन वाक्य ग. संदेहसूचक वाक्य घ. योगात्मक वाक्य

क. जोडे मिलाइए। (०५)

प फ ब भ	नासिक्य
क ग क्ष ड	ओष्ठय्
ल	अल्पप्राण
ख घ	पाश्विक
ण न ञ	महाप्राण